भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †3507
सोमवार, 11 अगस्त, 2025/2013 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार में मंदिरों को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देना

†3507. श्री अजय कुमार मंडलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बिहार के भागलपुर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों, जिनमें चंपा नगर, बूढ़ा नाथ और बटेश्वर स्थान मंदिर शामिल हैं, को राष्ट्रीय पर्यटन स्थल घोषित करने पर विचार कर रही है;

(ख) क्या इन मंदिरों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय पर्यटन योजना के तहत इन्हें बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कोई कदम उठाए गए हैं या प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार चंपा नगर, बूढ़ा नाथ और बटेश्वर स्थान मंदिरों के साथ-साथ बिहार में बुनियादी ढांचे, संपर्क और पर्यटन सुविधाओं को बढ़ाने के लिए विशेष धनराशि आवंटित करने या विकास परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटक स्थलों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन करके राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

भागलपुर में स्थित चंपा नगर, बूढ़ानाथ और बटेश्वर स्थान मंदिर के आसपास पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय ने बिहार में विभिन्न पर्यटन विकास संबंधी परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जो **अनुबंध** में दी गई हैं।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा धनराशि की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

******

अनुबंध

श्री अजय कुमार मंडल द्वारा बिहार में मंदिरों को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 11.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3507 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

बिहार में प्रशाद योजना के तहत परियोजनाओं की सूचीः-

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
1.	पटना साहिब का विकास	29.62
2.	गया में विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास	3.63
3.	अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास	13.29

बिहार में स्वदेश दर्शन योजना के तहत परियोजनाओं की सूची:-

क्र. सं.	**परिपथ का नाम/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास	33.96
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास	44.76
3.	बौद्ध परिपथ 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18
4.	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास	44.27
5.	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55

बिहार में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-

क्र. सं.	**गंतव्य**	**एक्सपीरियंस का नाम**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
1.	बोधगया	बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास	165.44

बिहार में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के तहत स्वीकृत 36 परियोजनाओं की सूची:-

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)
1.	सोनपुर मेला मैदान, सारण में पर्यटक सुविधाओं का विकास	24.28

बिहार में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)
1.	सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास	97.61
2.	करमचट में करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब	49.51

****